1. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:

| A (आभूषण) | B (पहना जाने वाला शरीर का अंग) |
|---|---|
| i. बेसर | a. उँगली |
| ii. पोत | b. कान |
| iii. टोटी | c. गला |
| iv. दामण्य | d. नाक |

कूट: (i) (ii) (iii) (iv)
(1) a b c d
(2) c d a b
(3) b a d c
(4) d c b a
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

2. निम्न में से कौन सी जाति 'ढोल नृत्य' से संबंधित नहीं है?
(1) सरगड़ा (2) माली
(3) कालबेलिया (4) भील
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

3. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:

| सूची-I (उत्सव) | सूची-II (माह) |
|---|---|
| A. मकर संक्रांति | i. आषाढ़ |
| B. नवरात्रि | ii. वैशाख |
| C. आखा तीज | iii. आसोज |
| D. गुरु पूर्णिमा | iv. माघ |

सही कूट चुनिए:
A B C D
(1) iv iii ii i
(2) iii ii iv i
(3) ii i iii iv
(4) i iv ii iii
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

4. ब्यावर में निवासरत, क्रांतिकारी गतिविधियों में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह दामोदरदास राठी का जन्म कहाँ हुआ था?
(1) ब्यावर
(2) जैतारण
(3) पोकरण
(4) ओसियां
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

5. निम्न में से कौन सा विकल्प हीरालाल शास्त्री के लेखन से संबंधित नहीं है?
(1) 'प्रयास' एवं 'विद्यार्थी जीवन' (समाचार-पत्र)
(2) प्रत्यक्ष जीवन शास्त्र (आत्म-कथा)
(3) प्रलय प्रतीक्षा नमो: नम: (गीत)
(4) केहर-प्रकाश (काव्य-संग्रह)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

6. भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्यपाल को अपने विवेकानुसार कार्य करने का अवसर उपलब्ध करवाता है?
(1) अनुच्छेद 159 (2) अनुच्छेद 162
(3) अनुच्छेद 163 (4) अनुच्छेद 164
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

7. निम्न में से कौन सी राजस्थानी "पवाड़ा साहित्य" की विशेषताएँ हैं?
A. उत्पत्ति का आधार लोकगीत
B. मौखिक परम्परा
C. संगीत एवं नृत्य का अभिन्न साहचर्य
D. वीर-चरित्र कथा एवं उपदेशात्मक प्रवृत्ति
सही कूट का चयन कीजिए:
(1) केवल A एवं B (2) केवल B एवं C
(3) केवल A, B एवं C (4) सभी A, B, C एवं D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

8. राजस्थान विधान सभा - प्रक्रिया नियम के अनुसार, लोकहित के किसी विषय पर चर्चा हेतु प्रस्ताव की सूचना लिखित रूप में निम्नलिखित में से किसे संबोधित की जाएगी?
(1) प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा को
(2) अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा को
(3) केबिनेट मंत्री, सम्बन्धित विभाग को
(4) मुख्यमंत्री, राजस्थान को (5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

9. राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के स्थानांतरण के सन्दर्भ में राष्ट्रपति के लिए क्या आवश्यक है?
(1) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की सलाह
(2) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति का परामर्श
(3) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की राय
(4) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की अनुशंसा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

10. 3 मार्च, 1952 से 1 नवंबर, 1952 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान टीकाराम पालीवाल ने निम्नलिखित में से किस विभाग का कार्यभार नहीं संभाला?
(1) गृह (2) सामान्य प्रशासन
(3) वित्त (4) आयोजना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

11. निम्न में से कौन सा भारत के संविधान की बारहवीं अनुसूची के अन्तर्गत आता है?
(1) पंचायतों की अधिकारिता
(2) राज्य सूची
(3) लोक सभा में सीटों का आवंटन
(4) नगरपालिकाओं की अधिकारिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**12. निम्नांकित में से राजस्थान में किस संभागीय आयुक्त के क्षेत्राधिकार में अधिकतम संख्या में जिले हैं?**
(1) संभागीय आयुक्त, जयपुर
(2) संभागीय आयुक्त, जोधपुर
(3) संभागीय आयुक्त, उदयपुर
(4) संभागीय आयुक्त, भरतपुर (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**13. भारत के संविधान में राजस्थान लोक सेवा आयोग की कितनी सदस्य संख्या उल्लिखित है?**
(1) तीन (2) सात
(3) दस
(4) संविधान में सदस्य संख्या उल्लिखित नहीं है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**14. राजस्थान पंचायत राज अधिनियम, 1953 कब लागू हुआ था?**
(1) 1 जून, 1953 (2) 1 जुलाई, 1953
(3) 1 जनवरी, 1954 (4) 1 जुलाई, 1954
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**15. राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की निम्नलिखित में से किस धारा के अन्तर्गत लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त न्यास या लाभ का कोई पद धारण नहीं करेगा?**
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**16. अप्रैल 2026 में, राजस्थान में साझा संसाधनों (चारागाह, जल स्रोत, वन, वेटलैंड्स आदि) के संरक्षण और बेहतर उपयोग को लेकर आयोजित "राजस्थान शामलात अधिवेशन 2026" का आयोजन कहाँ किया गया?**
(1) जयपुर में (2) नागौर में
(3) बीकानेर में (4) डूंगरपुर में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**17. मई 2026 में, देश के प्रथम पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम की कक्षाओं का विधिवत रूप से शुभारंभ कहाँ किया गया?**
(1) जोधपुर जिले के मोकलावास में स्थित गौ संवर्द्धन आश्रम में
(2) अजमेर जिले के पुष्कर में स्थित श्री पुष्कर गौ आदि पशु संवर्द्धन आश्रम में
(3) जयपुर जिले के सांगानेर में स्थित श्री गोपाल गौ संवर्द्धन आश्रम में
(4) नागौर जिले के डेगाना में स्थित गौ संवर्द्धन आश्रम में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**18. इनमें से कौन राजस्थान के राज्य निर्वाचन आयुक्त नहीं रहे हैं?**
(1) इन्द्रजीत खन्ना (2) राम लुभाया
(3) प्रेमसिंह मेहरा (4) नागेन्द्र सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**19. राजस्थान सरकार, राजस्व विभाग (ग्रुप-6) के दिनांक 29/04/2026 के परिपत्र के अनुसार, खातेदार के पास भूमि तक पहुँच मार्ग उपलब्ध नहीं होने पर, राजकीय भूमि की पट्टी (अधिकतम चौड़ाई 20 फ़ीट), पहुँच मार्ग प्रयोजन हेतु कृषि भूमि की प्रचलित डी.एल.सी. की कितने गुना दर से भुगतान करने पर आवंटित की जाएगी?**
(1) दो (2) चार
(3) तीन
(4) अनुमोदित कृषि भूमि दर के बराबर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**20. निम्नलिखित में से कौन सा संगठन अप्रैल, 2026 में जयपुर में हुए जीआईटीबी (GITB) के 15वें संस्करण का संयुक्त आयोजक नहीं था?**
(1) पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार
(2) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
(3) फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
(4) फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाईजेशन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**21. अप्रैल, 2026 में जयपुर में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित "व्यापार राजस्थान" कार्यक्रम की थीम क्या थी?**
(1) विकसित राजस्थान मोबिलिटी मिशन
(2) स्पीडिंग टूवार्ड्स् विकसित राजस्थान
(3) डिजीटल व्हील्स फॉर विकसित राजस्थान
(4) गिविंग व्हील्स टू विकसित राजस्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**22. जर्नलिस्ट वेलफेयर ट्रस्ट और यूनाइटेड प्रेस क्लब द्वारा अप्रैल-मई 2026 में आयोजित जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए:**
**कथन-A : यह जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग का द्वितीय संस्करण था जिसका आयोजन जयपुर में किया गया।**
**कथन-B : इसके फाइनल में राजस्थान ने हरियाणा को 5 विकेट से हराया।**
(1) A तथा B दोनों कथन सत्य हैं।
(2) A तथा B दोनों कथन असत्य हैं।
(3) कथन A असत्य तथा कथन B सत्य है।
(4) कथन A सत्य तथा कथन B असत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**23. 20 अप्रैल, 2026 को भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमांड ने अनुसंधान एवं विकास तथा तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में सहयोग के लिए किस संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?**
(1) भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा
(2) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर
(3) मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर
(4) बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**24. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अप्रैल, 2026 में बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित "एक्सीलेंस अवार्ड 2026" कार्यक्रम में राजस्थान के किस व्यक्ति को "नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया?**

(1) इंस्पेक्टर दिनेश सिंह (2) इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह
(3) इंस्पेक्टर दिलीप सिंह (4) इंस्पेक्टर रणधीर सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**25. मई 2026 में किसने पुस्तक "माटी राजस्थान री" का विमोचन किया?**

(1) राजस्थान के मुख्यमंत्री ने
(2) माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ने
(3) राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष ने
(4) राजस्थान के राज्यपाल ने
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**26. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

A. कुरिल B. केर्माडेक
C. टोंगा D. मिंडानाओ

**उपर्युक्त में से कितने महासागरीय गर्त दक्षिण प्रशांत महासागर में है/हैं?**

(1) केवल एक (2) केवल दो
(3) केवल तीन (4) सभी चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**27. अप्रैल 2026 में जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2 में पुरुषों की ऊँची कूद में 2.05 मीटर की छलांग लगाकर प्रथम स्थान किसने प्राप्त किया?**

(1) सुनील कुमार (2) सुशील थोरी
(3) हिमांशु यादव (4) मुकुल देव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**28. पीटभूमि पारिस्थितिक-तंत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

A. ये पृथ्वी के लगभग 10 प्रतिशत भू-भाग पर आवरित है।
B. जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए इनकी रक्षा करना महत्त्वपूर्ण है।
C. स्थानीय रूप से ये पानी को विनियमित और शुद्ध करने में मदद करते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(1) केवल A (2) केवल A और C
(3) केवल B और C (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**29. 'संचार' किस आर्थिक क्रिया के अन्तर्गत आता है?**

(1) द्वितीयक (2) प्राथमिक
(3) चतुर्थक (4) तृतीयक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**30. UNFPA की 'विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट-2025' के अनुसार, वर्ष 2025 में भारत की कुल प्रजनन दर क्या है?**

(1) 1.6% (2) 1.9%
(3) 1.0% (4) 2.1%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**31. निम्नलिखित में से कौन सी तापजन्य वायुदाब पेटी हैं?**

A. भूमध्यरेखीय न्यून वायुदाब पेटी
B. उप-ध्रुवीय न्यून वायुदाब पेटी
C. उपोष्ण उच्च वायुदाब पेटी
D. ध्रुवीय उच्च वायुदाब पेटी

**कूट:**

(1) A और B (2) A और D
(3) B और D (4) B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**32. 'बार्दोइसिला'/बोर्डोइचिला संबंधित है -**

(1) आम्र वर्षा (2) फूलों की बौछार
(3) नॉर वेस्टर (4) लू
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**33. कौन सा एक सुमेलित नहीं है?**

| | नदी | - | सहायक नदी |
|---|---|---|---|
| (1) | सिन्धु | - | श्योक |
| (2) | गोदावरी | - | मंजरा |
| (3) | कावेरी | - | पूर्णा |
| (4) | कृष्णा | - | मूसी |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**34. सिमलीपाल जैवमण्डल संरक्षण क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्व) भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(1) पश्चिमी बंगाल (2) झारखण्ड
(3) कर्नाटक (4) ओडिशा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**35. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कर नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I (पर्वत श्रेणी) | सूची-II (दर्रे) |
|---|---|
| A. लद्दाख | i. बनिहाल |
| B. पीर पंजाल | ii. जोजी ला |
| C. वृहद् हिमालय | iii. फोटू ला |
| D. जास्कर | iv. खार्दुग ला |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | i | iv | iii | ii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iv | i | ii | iii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**36. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, भारत में तिलहन विकास के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**
A. 2014-15 और 2024-25 के मध्य तिलहन के अन्तर्गत क्षेत्रफल में 22 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई।
B. 2014-15 और 2024-25 के मध्य तिलहन उत्पादकता में लगभग 31 प्रतिशत वृद्धि हुई।
**सही विकल्प चुनें:**
(1) केवल A सही है
(2) केवल B सही है
(3) A और B दोनों सही हैं
(4) A और B दोनों गलत हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**37. निम्न कथनों का अध्ययन कीजिये और नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**
(a) 2024 में वस्तुओं के वैश्विक निर्यात में भारत का अंश 2.2 प्रतिशत था।
(b) 2024 में वस्तुओं के वैश्विक आयात में भारत का अंश 2.8 प्रतिशत था।
(c) 2024 में वैश्विक निर्यात में भारत का स्थान 18वाँ था।
(d) 2024 में वैश्विक आयात में भारत का स्थान 10वाँ था।
**कूट:**
(1) केवल (b) और (c) सही हैं
(2) केवल (a) और (b) सही हैं
(3) केवल (c) और (d) सही हैं
(4) (a), (b), (c) और (d) सभी सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**38. 30 नवम्बर, 2025 तक भारत में कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा का प्रतिशत भाग कितना था?**
(1) 45.05%
(2) 52.80%
(3) 49.83%
(4) 21.0%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**39. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, वर्ष 2024-25 में भारत द्वारा निम्न ई.यू. (EU) देशों को निर्यात किया गया:**
(a) नीदरलैण्ड
(b) जर्मनी
(c) फ्रांस
(d) इटली
**देशों के सही क्रम को चुनिए जो निर्यातों के मूल्य के घटते क्रम को दर्शाता है:**
(1) (d), (c), (b), (a)
(2) (a), (b), (c), (d)
(3) (c), (a), (d), (b)
(4) (b), (c), (a), (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**40. केन्द्रीय बजट 2025-26 में घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के विषय में निम्न में से कौन सा/से सत्य है/हैं?**
(i) इसने सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 2023 के 12.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 2047 में 25 प्रतिशत अर्थात् लगभग दो गुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।
(ii) मिशन का एक और लक्ष्य 2047 तक 143 मिलियन रोजगार के सृजन का है।
**कूट:**
(1) केवल (i) सत्य है
(2) केवल (ii) सत्य है
(3) (i) और (ii) दोनों सत्य हैं
(4) ना तो (i) और ना ही (ii) सत्य है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**41. भारत की संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने अपना प्रथम औपचारिक उद्बोधन किस तारीख को दिया?**
(1) 13 दिसम्बर, 1946
(2) 16 दिसम्बर, 1946
(3) 17 दिसम्बर, 1946
(4) 15 दिसम्बर, 1946
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**42. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता वाली मौलिक अधिकार उप-समिति से सम्बद्ध थे?**
(1) जवाहरलाल नेहरू
(2) वल्लभभाई पटेल
(3) जे.बी. कृपलानी
(4) राजेन्द्र प्रसाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**43. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (सेवाओं का उपखण्ड) | सूची-II (द्रुत वृद्धि का मुख्य कारण) |
|---|---|
| (i) व्यावसायिक सेवाएँ | (a) दूरसंचार क्षेत्र का विस्तार |
| (ii) संचार सेवाएँ | (b) उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र का विस्तार |
| (iii) बैंकिंग एवं बीमा सेवाएँ | (c) सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र का विस्तारण |

**कूट:**

| | (i) | (ii) | (iii) |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) | (b) | (c) |
| (2) | (b) | (c) | (a) |
| (3) | (c) | (a) | (b) |
| (4) | (a) | (c) | (b) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**44. भारत में नागरिकता से सम्बन्धित प्रावधानों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
(I) भारत के संविधान के अनुच्छेद 5 में प्रयुक्त 'प्रत्येक व्यक्ति' शब्द में केवल प्राकृतिक (स्वाभाविक) व्यक्ति शामिल हैं, निगमों और कम्पनियों जैसी कानूनी संस्थाएँ नहीं।
(II) भारत के संविधान के अनुच्छेद 5 के अन्तर्गत भारत का नागरिक होने के लिए पहली अनिवार्य पूर्वशर्त यह है कि व्यक्ति का भारत के राज्यक्षेत्र में अधिवास होना चाहिए।

**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) केवल (I) सही है
(2) केवल (II) सही है
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं
(4) न तो (I), न ही (II) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**45. समता के मूल अधिकार के संदर्भ में, संविधान के अनुच्छेद 18 के न्यायिक निर्वचन से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:**
(I) पद्म पुरस्कार अलंकरण कुलीनता की उपाधियाँ नहीं है और न ही अनुच्छेद 18 का उल्लंघन हैं।
(II) ये पुरस्कार अलंकरण प्राप्तकर्ता के नाम के पहले या बाद में प्रयोग किए जा सकते हैं।
(1) केवल (I) सही है
(2) केवल (II) सही है
(3) (I) व (II) दोनों सही हैं
(4) न तो (I), न ही (II) सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**46. निम्नांकित में से कौन अजमेर मेरवाड़ा से भारतीय संविधान सभा के सदस्य थे?**
(1) हरिभाऊ उपाध्याय
(2) गोकुललाल असावा
(3) बी.के. कौल
(4) मुकुट बिहारीलाल भार्गव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**47. भारत के राष्ट्रपति को संविधान द्वारा निम्नांकित में से कौन सी एक भूमिका प्रदान नहीं की गई है?**
(1) संघ के रक्षा बलों का सर्वोच्च कमांडर
(2) भारत सरकार का औपचारिक कार्यपालिका-प्रधान
(3) संसद का एक अंग
(4) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का सभापति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**48. लोक सभा में प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमों के अनुसार, नियम 377 किससे संबंधित है?**
(1) सदन को स्थगित करने या बैठक को निलंबित करने की अध्यक्ष की शक्ति से
(2) संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा को सुगम बनाने से
(3) किसी ऐसे विषय को उठाने से जो व्यवस्था का प्रश्न न हो
(4) व्यक्तिगत, आर्थिक या प्रत्यक्ष हित के आधार पर किसी सदस्य के मत पर आपत्ति से
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**49. भारत के संविधान के अनुच्छेद 75(1) के अधीन प्रधानमंत्री होता है:**
(1) चयनित (2) मनोनीत
(3) नियुक्त (4) निर्वाचित
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**50. भारत के संविधान के अनुच्छेद 51-क के अन्तर्गत इनमें से कौन सा मूल कर्तव्य 'नहीं' है?**
(1) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास
(2) सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा
(3) देश की रक्षा करना
(4) लोक स्वास्थ्य में सुधार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**51. भारत के संविधान के कौनसे अनुच्छेद में यह स्पष्ट उल्लिखित है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि सभी न्यायालयों पर बद्धकर है?**
(1) अनुच्छेद 139 (2) अनुच्छेद 139-क
(3) अनुच्छेद 140 (4) अनुच्छेद 141
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**52. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अन्तर्गत राष्ट्रपति निर्वाचन आयोग से परामर्श के पश्चात् प्रादेशिक आयुक्तों की नियुक्ति कर सकेगा?**
(1) 324(1) (2) 324(2)
(3) 324(3) (4) 324(4)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**53. निम्नलिखित में से कौनसा पंचशील के पाँच सिद्धांतों में सम्मिलित नहीं है?**
(1) पारस्परिक गैर-आक्रामकता
(2) घरेलू मामलों में पारस्परिक हस्तक्षेप
(3) समानता और पारस्परिक लाभ
(4) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**54. भारत के संविधान के सौ वें संशोधन का सम्बन्ध भारत के किस पड़ोसी देश से है?**
(1) पाकिस्तान (2) बांग्लादेश
(3) श्रीलंका (4) मालदीव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**55. भारत के निम्नलिखित उप-राष्ट्रपतियों में से किसका कार्यकाल सबसे कम रहा है?**
(1) आर. वेंकटरमण (2) वी.वी. गिरी
(3) कृष्णकान्त (4) जगदीप धनखड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**56. निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति हैं?**
A. अनुप्रयुक्त B. मानकात्मक
C. सकारात्मक D. वैज्ञानिक
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(1) A, B और D
(2) A, C और D
(3) A, B और C
(4) B, C और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**57. शैक्षिक मनोविज्ञान के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए:**
S1: शैक्षिक मनोविज्ञान प्रभावी शिक्षण विधियों में योगदान देता है।
S2: यह कक्षा के वातावरण की अनदेखी करता है और केवल सिद्धान्त पर ध्यान केन्द्रित करता है।
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(1) S1 और S2 दोनों सही हैं
(2) S1 और S2 दोनों गलत हैं
(3) S1 सही है, किन्तु S2 गलत है
(4) S1 गलत है, किन्तु S2 सही है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**58. निम्नांकित में से कौन 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज' (ओपेक) का संस्थापक सदस्य नहीं है?**
(1) सऊदी अरब (2) वेनेजुएला
(3) द यूनाइटेड अरब अमीरात (4) कुवैत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**59. एरिक्सन के सिद्धान्त में 'उद्योग बनाम हीनता' चरण के पहले और बाद में क्रमशः कौन से मनो-सामाजिक चरण आते हैं?**
(1) पहल बनाम ग्लानि और आत्मीयता बनाम अलगाव
(2) पहल बनाम ग्लानि और पहचान बनाम भूमिका भ्रम
(3) स्वायत्तता बनाम लज्जा और पहचान बनाम भूमिका भ्रम
(4) पहचान बनाम भूमिका भ्रम और आत्मीयता बनाम अलगाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**60. विकासात्मक प्रक्रिया में, जब विकास प्रभावशाली अनुभवों की प्रतिक्रिया में परिवर्तन के लिए खुला होता है, तो उसे कहा जाता है:**
(1) स्थिरता (2) लचीलापन
(3) प्रकृति (4) जीवन प्रत्याशा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**61. अभिकथन-(A): जन्म से पूर्व एवं जन्म के पश्चात् दोनों ही अवस्थाओं में, जीवन, शारीरिक विकास में दिशात्मक अनुक्रम के नियमों का पालन करता है।**
**कारण-(R): शरीर के केन्द्रीय अक्ष से छोर की ओर विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, जिसे सिफैलो-कॉडल नियम के नाम से जाना जाता है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(1) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
(2) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**62. निम्नलिखित में से कौन सा परोक्ष पुनर्बलन का उदाहरण नहीं है?**
(1) ईमानदारी के लिए मित्र को पुरस्कार मिलते देखना
(2) अच्छे व्यवहार के लिए स्वयं पुरस्कार प्राप्त करना
(3) किसी को प्रशंसा मिलते देखकर उसके व्यवहार की नकल करना
(4) अच्छे व्यवहार के लिए दूसरे को प्रशंसा मिलते देख, वैसा व्यवहार अपनाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**63. निम्नलिखित में से कौनसा तत्त्व शास्त्रीय अनुबंधन की मूल प्रक्रिया से संबंधित नहीं है, जो अनुबंधन की प्रक्रिया को पूरा करता है?**
(1) अधिगमरहित उद्दीपक
(2) अनैच्छिक प्रतिक्रिया
(3) अनुबंधित उद्दीपक
(4) तटस्थ उद्दीपक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**64. अधिगम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(1) अधिगम एक प्रक्रिया है, उत्पाद नहीं।
(2) अधिगम के कारण होने वाले व्यवहारगत परिवर्तन अनुकूल या प्रतिकूल हो सकते हैं।
(3) मूल प्रवृत्तियाँ एवं प्रतिवर्त क्रियाएँ अधिगम नहीं हैं।
(4) अधिगम में अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के परिवर्तन शामिल होते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**65. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें:**
A: अस्वीकरण वास्तविकता को स्वीकार करने से सचेत रूप से इंकार करना है।
B: यह व्यक्ति को दुश्चिन्ता से बचाता है।
**सही विकल्प का चयन करें:**
(1) A और B दोनों सही हैं
(2) A और B दोनों गलत हैं
(3) A गलत है, किन्तु B सही है
(4) A सही है, किन्तु B गलत है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**66. ऑलपोर्ट के शीलगुण सिद्धांत से निम्नलिखित व्यक्तित्व शीलगुणों की श्रेणियों को उनके उदाहरणों के साथ सुमेलित कीजिए:**

| | |
|---|---|
| (i) कार्डिनल शीलगुण | (a) शैरिल को पारंपरिक कपड़े पसंद हैं। |
| (ii) केन्द्रीय शीलगुण | (b) महात्मा गांधी का अहिंसावाद |
| (iii) गौण शीलगुण | (c) एंजेला एक निष्ठावान लड़की है। |
| | (d) अनिष्का चॉकलेट्स पसंद करती है। |

**सही कूट का चयन कीजिए:**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iii) | (i) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**67. थर्स्टन अपने प्राथमिक मानसिक क्षमताओं सिद्धांत में निम्नलिखित में से किन मानसिक क्षमताओं का उल्लेख नहीं किया है?**

(a) मौखिक समझ (b) संख्यात्मक क्षमताएँ
(c) साहचर्यात्मक क्षमताएँ (d) स्थानिक संबंध
(e) प्रात्यक्षिक गति (f) शब्द प्रवाह
(g) उच्च स्तरीय कौशल (h) स्मृति
(i) आगमनात्मक तर्क

**सही कूट का चयन कीजिए:**

(1) केवल (a) एवं (h) (2) केवल (d) एवं (e)
(3) केवल (c) एवं (g) (4) केवल (f) एवं (i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**68. व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी तकनीकों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**

(1) प्रक्षेपी तकनीकें कई मायनों में मनोमितीय परीक्षणों से भिन्न होती हैं।
(2) उद्दीपक अपेक्षाकृत या पूर्ण रूप से संरचित होते हैं और स्पष्ट रूप से परिभाषित होते हैं।
(3) विषय की प्रतिक्रियाएँ ना तो सही होती हैं, ना ही गलत।
(4) प्रक्षेपी तकनीकों का अंकन एवं व्याख्या कभी-कभी व्यक्तिनिष्ठ होती हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**69. ग्राम वॉल्स के अनुसार, सृजनात्मकता के निम्नलिखित चरणों को उनके कार्यों के साथ सुमेलित कीजिए:**

| | |
|---|---|
| (a) प्रेरणा | (i) व्यक्ति को समाधानों के बारे में अचानक सूझ प्राप्त हो जाती है। |
| (b) तैयारी | (ii) व्यक्ति समस्या के बारे में सचेत रूप से नहीं सोचता है, लेकिन रचनात्मक प्रक्रियाएँ अचेतन रूप से चलती रहती हैं। |
| (c) ऊष्मायन | (iii) व्यक्ति समस्या को समझने का प्रयास करता है। |
| (d) सत्यापन | (iv) व्यक्ति समस्या के समाधान का मूल्यांकन करने का प्रयास करता है। |

**सही कूट का चयन कीजिए:**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**70. मेयर-सेलोवी के संवेगात्मक बुद्धि के प्रतिमान में भावनाओं के प्रत्यक्षीकरण के तुरन्त बाद कौन सा घटक आता है?**

(1) भावनाओं को समझना
(2) भावनाओं का उपयोग कर विचारों को सुगम बनाना
(3) भावनाओं को व्यक्त करना
(4) भावनाओं का प्रबंधन करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**71. कौन से सिद्धान्त के अनुसार अभिप्रेरणा, जैविक आवश्यकताओं द्वारा आंतरिक संतुलन बनाए रखने के लिए संचालित होती है?**

(1) उपलब्धि अभिप्रेरणा सिद्धान्त
(2) आंतरिक अभिप्रेरणा सिद्धान्त
(3) प्रणोद न्यूनीकरण सिद्धान्त
(4) सामाजिक आग्रह सिद्धान्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**72. एक शिक्षक विद्यार्थियों के एक समूह में 'प्रतिक्रिया समय' में भिन्नता का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रकार की वैयक्तिक भिन्नता को किस श्रेणी में वर्गीकृत किया जा सकता है?**

(1) मानसिक भिन्नताएँ
(2) भावनात्मक भिन्नताएँ
(3) शारीरिक क्षमता में भिन्नताएँ
(4) अभिवृत्ति में भिन्नताएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**73. निम्नलिखित में से कौन सा कथन आंतरिक अभिप्रेरणा के संबंध में सही नहीं है?**

(1) चुनौती का संबंध इस बात से है कि कोई व्यक्ति किसी नई चुनौती से मिलने वाले रोमांच का कितना आनंद लेता है।
(2) आनंद का संबंध उस सुख से है जो किसी व्यक्ति को कार्य करने से प्राप्त होता है।
(3) निपुणता उस उपलब्धि की अनुभूति से संबंधित है, जो किसी व्यक्ति को किसी कठिन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्राप्त होती है।
(4) प्रतिपुष्टि और प्रशंसा को आंतरिक अभिप्रेरणा के उदाहरणों के रूप में संदर्भित किया जा सकता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**74. निम्नलिखित में से कौनसा 21वीं सदी के कौशलों के जीवन कौशलों में सम्मिलित नहीं है?**

(1) पहल (2) नेतृत्व
(3) नवाचार (4) अनुकूलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**75. निम्नलिखित में से कौनसे 21वीं सदी के कौशलों के 4C के अवयव हैं?**

A. आलोचनात्मक चिन्तन B. गणना
C. सहयोग D. सम्प्रेषण
E. तनाव से निपटना

**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(1) A, B और C (2) A, C और D
(3) A, B और D (4) A, D और E
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**76. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
(A): समावेशी शिक्षा केवल दिव्यांगों को मुख्य धारा में शामिल करने तक सीमित है।
(B): समावेशी शिक्षा का अर्थ है सभी को अपनाना।
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(1) (A) एवं (B) दोनों सत्य हैं
(2) (A) एवं (B) दोनों असत्य हैं
(3) (A) सत्य है, किन्तु (B) असत्य है
(4) (A) असत्य है, किन्तु (B) सत्य है
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**77. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में मानसून (जून-सितम्बर 2025) के दौरान सर्वाधिक वर्षा अंकित की गई?**
(1) भीलवाड़ा (2) धौलपुर
(3) झालावाड़ (4) सवाई माधोपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**78. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गए कूट से कीजिए:**

| **सूची-I (नदियाँ)** | **सूची-II (सहायक नदियाँ)** |
|---|---|
| A. साबरमती | i. बाण्डी |
| B. लूनी | ii. चाप |
| C. सोम | iii. सारनी |
| D. माही | iv. माजम |

**कूट:-**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**79. वन विभाग, राजस्थान के प्रशासनिक प्रतिवेदन 2024-25 के अनुसार, राजस्थान के भौगोलिक क्षेत्रफल के सापेक्ष कुल वनावरण एवं वृक्षावरण कितना प्रतिशत है?**
(1) 7.84% (2) 9.60%
(3) 8.00% (4) 6.40%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**80. निम्नलिखित में से कौन सा अरावली शिखर रघुनाथगढ़ से नीचा और बैराठ से ऊँचा है?**
(1) भानगढ़ (2) बाबाई
(3) सिरावास (4) जयगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**81. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कर, नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| **सूची-I (पशुधन)** | **सूची-II (नस्ल)** |
|---|---|
| A. बकरी | i. खेरी |
| B. ऊँट | ii. भदावरी |
| C. भेड़ | iii. गोमठ |
| D. भैंस | iv. लोही |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | iv | i | iii | ii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**82. जनगणना-2011 के अनुसार, राजस्थान में जनसंख्या की वृद्धि दर (2001-2011) सर्वाधिक एवं न्यूनतम क्रमशः किस जिला युग्म में रहीं?**
(1) जैसलमेर और झुंझुनूं
(2) गंगानगर और बाड़मेर
(3) बाड़मेर और गंगानगर
(4) झुंझुनूं और जैसलमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**83. निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए:**
A. सोयाबीन B. मूँगफली
C. चना D. ग्वार
E. कुल दलहन
**2023-24 में उपर्युक्त में से राजस्थान, भारत में किन फसलों के उत्पादन में तृतीय स्थान पर रहा?**
(1) A और B
(2) A, C और E
(3) B, C, D और E
(4) B और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**84. कांकानी औद्योगिक क्षेत्र स्थित है -**
(1) बालोतरा (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) फलोदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**85. कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| **(पर्यटक स्थल)** | **(अवस्थिति)** |
|---|---|
| (1) करणीमाता मंदिर | - देशनोक |
| (2) सम | - जैसलमेर |
| (3) आयड संग्रहालय | - कोटा |
| (4) बालसमंद झील | - जोधपुर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**86. राजस्थान के किस राजवंश के बारे में "हम्मीर महाकाव्य" से उपयोगी जानकारी मिलती है?**
(1) रणथम्भौर के चौहान
(2) जैसलमेर के भाटी
(3) उदयपुर के सिसोदिया
(4) जयपुर के कच्छावा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**87. जलालुद्दीन खिलजी ने निम्न में से कौन से दुर्गों पर अधिकार नहीं किया?**
A. मंदावर
B. झायन
C. रणथम्भौर
D. चित्तौड़
**सही कूट का चयन कीजिए:**
(1) केवल A और B
(2) केवल C और D
(3) केवल A, B और C
(4) A, B, C और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
A. यह जनजाति मुख्यतः डूंगरपुर व बाँसवाड़ा जिलों में निवास करती है।
B. इनके गाँव की सबसे छोटी इकाई 'फलाँ' कहलाती है।
C. ये केवल गेहूँ तथा मक्का की खेती करते हैं।
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन 'डामोर' के संदर्भ में सही है/हैं?**
(1) केवल A और B
(2) केवल B
(3) केवल B और C
(4) केवल A
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**89. अकबर ने 1572 ई. में जोधपुर किसे सौंपा था?**
(1) मानसिंह (जयपुर)
(2) रामसिंह (मारवाड़)
(3) जयसिंह (जयपुर)
(4) रायसिंह (बीकानेर)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**90. हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात् मेवाड़ पर विजय हेतु 1577 से 1579 ई. तक अकबर ने कितनी बार सैनिक अभियान किये थे?**
(1) एक
(2) दो
(3) तीन
(4) चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**91. 1857 के विद्रोह के दौरान, धौलपुर, ग्वालियर एवं इन्दौर के क्रांतिकारियों ने मिलकर धौलपुर राज्य की तोपों से निम्न स्थानों में से कहाँ पर आक्रमण किया था?**
(1) मथुरा
(2) आगरा
(3) भरतपुर
(4) डीग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**92. 1918 ई. में धौलपुर में प्रथम बार आर्य समाज ने "स्वशासन" के लिए किसके नेतृत्व में आन्दोलन प्रारंभ किया था?**
(1) स्वामी श्रद्धानन्द
(2) चाँदकरण शारदा
(3) ज्वाला प्रसाद
(4) यमुना प्रसाद वर्मा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**93. 1301 ई. में रणथम्भौर में हम्मीर की किस रानी के नेतृत्व में जौहर हुआ?**
(1) रंगदेवी
(2) कर्मावती
(3) पद्मिनी
(4) सूर्यदेवी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**94. निम्नलिखित में से कौन सा/से 'सम्प सभा' का/के उद्देश्य था/थे?**
A. मादक द्रव्यों का परित्याग B. बैठ-बेगार का विरोध
C. स्वदेशी को प्रोत्साहन
**सही कूट का चयन कीजिए:**
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) केवल B और C
(4) सभी A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**95. किस रियासती शासक ने राजस्थान की रियासतों के शासकों से संविधान निर्मात्री सभा में शामिल होने का आह्वान किया?**
(1) बीकानेर के महाराजाधिराज शार्दुल सिंह
(2) जयपुर के महाराजाधिराज सवाई मानसिंह
(3) जोधपुर के महाराजाधिराज हनवंत सिंह
(4) भरतपुर के महाराजा बृजेन्द्र सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**96. राव जोधा ने हड़बूजी की शक्ति से प्रभावित होकर उन्हें कौन सा गाँव भेंट स्वरूप प्रदान किया था?**
(1) भुण्डेल (2) हरभजमाल
(3) बेंगटी (4) रूणेचा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**97. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें सबसे अंत में प्रजामंडल की स्थापना हुई?**
(1) बाँसवाड़ा
(2) प्रतापगढ़
(3) कुशलगढ़
(4) झालावाड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**98. अबुल फजल के अनुसार बख्तरबंद दुर्ग कौन सा है?**
(1) कुंभलगढ़
(2) अचलगढ़
(3) रणथम्भौर
(4) चित्तौड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**99. महाराणा जगतसिंह प्रथम के काल में निर्मित चित्रकला की मेवाड़ी शैली के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**
I. इस काल में साहबदीन द्वारा 'भागवत' और 'आर्ष रामायण' का चित्रण किया गया था।
II. चित्रकार मनोहर ने 1649 ई. में रामायण का चित्रण किया।
III. चित्रों में गहरे लाल रंग (हिंगलू) का अत्यधिक प्रयोग किया गया।
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) केवल I और II
(2) केवल II और III
(3) केवल I और III
(4) I, II और III
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**100. निम्नांकित संत साहित्य को सुमेलित कीजिए:**

| **(सन्त)** | **(साहित्य)** |
|---|---|
| A. रामचरण | i. संत सुधासार |
| B. चरणदास | ii. शब्द प्रकाश |
| C. नाभादास | iii. धर्म जहाज |
| D. दादू | iv. भक्तमाल |

**सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iv | iii | ii | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

♦♦♦♦♦♦♦

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर